तापमान
अधिकतम 23.8 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]


स्मार्ट सिटी सड़क पर बतरतीब तरीके से बिल्डिंग मटैरियल रख दिया है, जिसके चलते फुटपाथ पर चलने के लिए जगह तक नहीं बची है।




# उद्योगों के बढ़ते प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट सख्त

## उद्योगों से फैल रहा प्रदूषण, कामगारों में फैल रही बीमारी, कोर्ट कमिश्नरों ने पेश की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में बढ़ते प्रदूषण को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में जारी जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट डिवीजन बेंच में पेश कर दी है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में कई ऐसे उद्योग हैं, जहां प्रदूषण रोकने के कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। उनके कामगारों में फेफड़ों संबंधित बीमारियां हो रही। अधिवक्ता प्रतीक शर्मा, अपूर्व त्रिपाठी, संघर्ष पांडेय, रजनी सोरेन, पलाश तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कोर्ट कमिश्नर के रूप में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में संचालित सीएफटीपीपी का दौरा किया। कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अधिकांश बड़े उद्योग जहां बड़ी मशीनरी काम करती है। बड़ी संख्या में श्रमिकों के श्रवण बाधित होने की शिकायत है। कई कारखानों में केमिकल्स की वजह से डर्मेटाइटिस जैसी बीमारी से श्रमिक शिकार हो रहे हैं। हड्डी रोग से भी कामगार ग्रसित हैं। वायु प्रदूषण के कारण सांस की बीमारी और दूसरी कई प्रकार की शारीरिक परेशानी भी सामने आई है। मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी।

- प्रदूषण के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

दरअसल, प्रदेश भर में संचालित उद्योगों, कारखानों में काम करने वाले श्रमिको को सीमेंट और लोहे की डस्ट से बहुत परेशानी होती है। इस कारण कामगारों के फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविन्द अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की है। साथ ही हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लेकर एक जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की है। हाईकोर्ट के निर्देश पर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई चल रही है। पूर्व में डिवीजन बेंच ने प्रदेश के उद्योगों का निरीक्षण करने और रिपोर्ट देने के लिए हाईकोर्ट के वकीलों को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था।

कोर्ट कमिश्नरों ने बताया कि अभी उद्योगों के बारे में जांच रिपोर्ट में कई बिंदु पूरे नहीं हो सके हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया है कि उद्योगों में प्रदूषण रोकने के कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। कोर्ट ने उन्हें विस्तृत रिपोर्ट देने छह सप्ताह का समय दिया है।




## सिरगिट्टी में कारखानों के अवशेष जलाने से प्रदूषण, हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी के सघन इलाके में खाली जमीन पर कारखानों के बचे अवशेष जलाने से हो रहे प्रदूषण के संबंध में संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट ने इसे जनहित याचिका के रूप में स्वीकार किया है। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर शपथपत्र पर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी को होगी।

- मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर शपथपत्र पर जवाब मांगा, अगली सुनवाई 9 जनवरी को

मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने इस पर स्वयं संज्ञान लिया और हाईकोर्ट रजिस्ट्री को मवेशियों की मौत और धुंए के प्रदूषण पर एक पीआईएल दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके बाद यह मामला चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच में प्रस्तुत हुआ। चीफ जस्टिस ने कहा कि सिरगिट्टी के औद्योगिक इलाके में जो कुछ हो रहा है, उसकी जवाबदारी प्रशासन की ही है। लोग जहरीले धुए से बीमार होंगे। यहां पर मवेशी भी पोलिथीन और केमिकलयुक्त मटेरियल खाते हैं, जिससे इनकी मौत हो रही है। यह प्रशासन की लापरवाही है और सरकारी अधिकारी इसके लिए जवाबदार हैं।

### मुख्य सचिव बताएंगे क्या कार्रवाई करेंगे

हाईकोर्ट की डीबी ने मुख्य सचिव को इस बारे में एक विस्तृत लिखित शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया है। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि आम लोगों पशुओं की जान से हो रहे खिलवाड़ को रोकने शासन क्या कार्रवाई करेगा। दरअसल सिरगिट्टी इलाके में खाली जमीन पर कारखानों के बचे अवशेष डम्प किए जाने के साथ ही उसे आग के हवाले भी किया जा रहा है। अवशेषों को जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है बल्कि आसपास की आवासीय बस्तियों के रहवासियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस इलाके में कारखानों का कचरा आग के हवाले करने का यह पहला मामला नहीं है। इसके बाद भी पर्यावरण विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिला प्रशासन ऐसे उद्योगों के मालिकों पर भी कोई कार्रवाई कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### नान टीचिंग पदों के लिए लिखित परीक्षा आज-कल




**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के पदों के लिए बुधवार और गुरूवार को लिखित परीक्षा होने जा रही है। यूनिवर्सिटी में सीधी भर्ती प्रक्रिया तहत प्रोग्रामर समेत कुलपति के निज सहायक व स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए दो दिनों लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत प्रोग्रामर के लिए 20 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक लिखित परीक्षा होगी। इसमें 105 उम्मीदवार शामिल होंगे। इसी तरह कुलपति के निज सहायक एवं स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए 21 दिसंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। कुलपति के निज सहायक पद के लिए 170 उम्मीदवार और स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए 190 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बुलाया गया है। अटल यूनिवर्सिटी की ओर से नान टीचिंग के इन पदों के लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र अपने वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। उम्मीदवार यूजर आईडी एवं पासवर्ड या पंजीकृत मोबाइल नंबर और जन्म तिथि प्रविष्टि कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आवेदन आज तक

**बिलासपुर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा अब 28 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म मंगाए गए हैं। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर तक है।

### एक ही दिन में तीन डिग्री पारा गिरा



**बिलासपुर।** मंगलवार को एक ही दिन में पारा 3 डिग्री गिरते हुए 10.4 डिग्री पर पहुंच गया, जिसके बाद ठंड की सर्द हवाओं से पूरा जिला ठिठुरने लगा है। पेंड्रा और अंबिकापुर के बाद अब बिलासपुर में भी सर्द हवाएं कहर बरसा रही हैं। उत्तर की सर्द हवाएं और शुष्क वातावरण ने लोगों को कांपने पर मजबूर कर दिया है। हालत ये है कि लोग घर से बाहर निकलने से पहले गर्म कपड़े लेकर निकल रहे हैं। दिनभर कुनकुनी ठंड और शाम होते ही सर्दी का सितम बढ़ गया है। रात 10 बजे के बाद सड़कें सूनी होने लगी है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार सोमवार को 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था लेकिन मंगलवार की रात 10.4 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि पेंड्रारोड में 8 और अम्बिकापुर में 5.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है।

### गर्म खीर में गिरने से छात्र का हाथ झुलसने का मामला

# हेडमास्टर सहित दो सस्पेंड कलेक्टर से जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा स्थित दो मुहानी सरकारी स्कूल के तीसरी कक्षा का छात्र उबलती खीर में गिर गया। जिससे उसका हाथ सहित शरीर का अन्य हिस्सा झुलस गया। इस घटना में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। शिक्षकों ने बच्चे को अस्पताल ले जाने के बजाय घर भेज दिया। जब परिजनों ने हंगामा किया, तब घबराए शिक्षकों ने उसका इलाज कराया। हाईकोर्ट ने भी मामले को स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मामले में बिलासपुर कलेक्टर को नोटिस जारी कर शपथपत्र में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी।

ज्ञात हो कि तीन दिन पहले 16 दिसंबर को बिल्हा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक स्कूल दोमुहानी में मध्यान्ह भोजन में बच्चों के लिए खीर बनाई गई थी। इस दौरान हेडमास्टर और टीचर बच्चों को भोजन करने के लिए क्लास रूम में बुलाने गए। इसके बाद बच्चे एक साथ मध्यान्ह भोजन लेने के लिए किचन में पहुंचे। इस दौरान खीर की कड़ाही घेर कर बच्चे खड़े हो गए। तभी तीसरी कक्षा का छात्र आदित्य कुमार धीरज उबलती खीर में गिर गया। आनन-फानन में महिलाओं ने उसे उठाया। गिरने से छात्र का हाथ बुरी तरह से झुलस गया, जिससे वह रोने लगा। कुछ समय बाद छात्र दर्द से तड़पने लगा। शिक्षकों ने जख्मी छात्र को अस्पताल पहुंचाने के बजाय उसे घर भेज दिया।


उबलती खीर में गिरा छात्र, शिक्षकों ने अस्पताल की जगह भेज दिया घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी की घटना

कार्रवाई के डर से अफसरों को नहीं दी जानकारी

सख्त कार्रवाई की जाएगी

धक्का-मुक्की के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि में 18 दिसंबर को प्रकाशित खबर

छात्र को अस्पताल ले जाकर इलाज कराने के बजाय घर भेज दिया

मध्यान्ह भोजन लेने के लिए किचन में पहुंचे छात्र, तब हुई थी दुर्घटना

### स्कूल की प्रधानपाठिका मध्यान्ह भोजन प्रभारी निलंबित

गर्म खीर से छात्र के झुलसने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी की प्रधानपाठक श्रीमती सुनीता खेस्स और मध्यान्ह भोजन प्रभारी सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती सुशीला पटेल को सस्पेंड कर दिया है। दोनों को कार्य में दायित्वों के प्रति उदासीनता, लापरवाही, गैर जिम्मेदाराना एवं अनुशासनहीनता के मामले में दोषी पाया गया। जारी आदेश के मुताबिक प्रधानपाठक श्रीमती सुनीता खेस्स और मध्यान्ह भोजन प्रभारी सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती सुशीला पटेल दोनों को बिल्हा बीईओ आफिस में अटैच कर दिया है। डीईओ के मुताबिक मामला सामने आने के बाद इसकी जांच संकुल समन्वयक श्रीमती किरण डेग्वेकर के माध्यम से कराई गई थी। इसमें पाया गया कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन बिठाकर खिलाया जाना था जबकि कतार में बुलाकर खीर बांटी गई। इसी दौरान छात्र आदित्य धीरज का पैर फिसल गया और उसका हाथ गर्म खीर में गिरने के कारण झुलस गया। शिक्षकों और प्रधानपाठक ने इस घटना की जानकारी छिपाई जो कि गलत है।

### मामले को दबाने में लगा रहा स्कूल प्रबंधन

छात्र आदित्य कुमार धीरज जब अपने घर पहुंचा, तब उसकी हालत देखकर परिजन घबरा गए। इससे नाराज होकर परिजन स्कूल पहुंचे और हंगामा करने लगे। तब स्कूल स्टाफ ने अस्पताल ले जाकर उसका इलाज कराया। शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी के हेडमास्टर और स्टाफ इस मामले को दबाने की कोशिश में जुटे रहे। उन्होंने पहले तो छात्र का इलाज नहीं कराया। विभाग के आला अधिकारियों को घटना की जानकारी भी नहीं दी गई। बाद में जब हंगामा मचा तो जांच कराने की बात कही जा रही है। हाईकोर्ट ने इस पर टिप्पणी भी की है कि यह शिक्षकों की लापरवाही का मामला है। बच्चा झुलस गया था तो पहले उसका इलाज कराया जाना था। शिक्षकों ने लेकिन बिना प्राथमिक उपचार के उसे घर भेज दिया।

### अवैध भंडारण और गड़बड़ी

# दो कोल डीपो पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 10 लाख की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध भंडारण और दूसरी गड़बड़ियों के मामले में खनिज विभाग ने दो कोल डीपो पर कार्रवाई की है। मोहतराई स्थित मौर्या कोल डीपो पर 5 लाख 43 हजार 940 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। खास बात है इसका लाइसेंस खनिज विभाग ने 6 महीना पहले ही निरस्त कर दिया था इसके बाद कोयले का भंडारण और खरीदी बिक्री जारी थी। इसी तरह पेण्ड्रीडीह स्थित वेदांता मिनरल्स में गड़बड़ी पाए जाने पर 4 लाख 32 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

पिछले दिनों पुलिस विभाग और खनिज विभाग द्वारा अलग-अलग डिपो में छापेमारी कर अनियमितता पकड़ी गई। कोल डिपो में बगैर भंडारण लाइसेंस के बड़ी मात्रा में कोयला रखने सहित अन्य तरह की अनियमितता व गड़बड़ियां सामने आई। दूसरे के नाम के कोल डिपो लोग किराए पर चलाते मिले। खनिज विभाग ने मोहतराई में मौर्या कोल डिपो की जांच की तो इसका संचालन जारी पाया गया। जबकि खनिज विभाग के अनुसार इसका लाइसेस जुलाई 2023 में ही निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद भी कोयले का अवैध भंडारण के साथ ही खरीदी बिक्री जारी थी।

### कोयला निकालकर गिट्टी और बजरी की मिलावट

बिलासपुर कोरबा मार्ग के बगदेवा, बेलपारा, बेलतरा, कर्रा, मिलनाडीह, रतनपुर, मदनपुर, गतौरी, भरारी, मोहतराई से सेंदरी तक कई स्थानों पर अवैध कोल डिपो खुले हैं। जहां चोरी के कोयला की खुलेआम तस्करी होती है। शिकायतों के बाद भी खनिज विभाग और पुलिस कार्रवाई नहीं करती। जब कार्रवाई होती है तो दिखावे के लिए होकर रहा जाती है। यह पूरा क्षेत्र रतनपुर और कोनी थाना के क्षेत्र में आता है। दरअसल, कोरबा के खदानों से भेजे जा रहे कोयले का एक बड़ा हिस्सा रतनपुर से लेकर हिर्री और सरगांव क्षेत्र के कोल डिपो में खपाया जाता है। यहां संचालित अवैध कोल डिपो में ड्राइवर से मिलीभगत कर डिपो संचालक अपने कर्मचारियों के माध्यम से अच्छी क्वालिटी के कोयले को निकालकर उसमें गिट्टी और बजरी की मिलावट करते हैं। यह अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है।



- 6 महीने पहले लाइसेंस निरस्त फिर भी मौर्या कोल डीपो में कोयले का भंडारण और खरीदी बिक्री
- वेदांता मिनरल्स में नियमों का पालन नहीं, कलेक्टर से हुई थी शिकायत, जांच में सही पाई गई

### कार्रवाई के दौरान भाग गए कर्मचारी

खनिज विभाग के मुताबिक अवैध भंडारण और कोयला चोरी के मामले में मौर्या कोल डीपो में जब 2 दिसंबर 2023 को कार्रवाई की गई तो उस दौरान कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं था। अधिकारियों ने डिपो के पास कोयले से भरे वाहन को जब्त कर रतनपुर पुलिस के हवाले किया था। मौर्या कोल डीपो को मामले में नोटिस भी जारी किया गया था। जवाब नहीं देने पर 5 लाख 43 हजार 940 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। इसी तरह पेण्ड्रीडीह बाइपास स्थित वेदांता मिनरल्स के बारे में कलेक्टर से शिकायत हुई थी। टीएल में भी मामला उठा था। इसमें भंडारण नियमों और शर्तों के उल्लंघन की शिकायत थी। खनिज अमले ने जांच में शिकायत सही पाई थी।

### दो कोल डीपो पर कार्रवाई की गई

अवैध भंडारण और गड़बड़ियों के मामले में खनिज विभाग ने दो कोल डीपो पर कार्रवाई की है। मोहतराई स्थित मौर्या कोल डीपो पर 5 लाख 43 हजार 940 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। खनिज विभाग ने 6 महीना पहले ही मौर्या कोल डिपो का लाइसेंस निरस्त कर दिया था, इसके बाद भी कोयले का भंडारण और खरीदी बिक्री जारी थी। इसी तरह पेण्ड्रीडीह स्थित वेदांता मिनरल्स में गड़बड़ी पाए जाने पर 4 लाख 32 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

**- दिनेश मिश्रा,** उपसंचालक, खनिज विभाग

### हर महीने 45 से 50 हजार रुपए किराया निगम भर रहा

# ननि को 35 लाख का चूना लगाने वाले ठेकेदार की गाड़ी में घूम रहे मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लखीराम आडिटोरियम के संचालन दौरान जिस ठेकेदार ने बिजली बिल के 35 लाख रुपए का चूना नगर निगम को लगाया है, उसी ठेकेदार के इनोवा वाहन पर महापौर किराए पर घूम रहे हैं। नगर निगम के खाते से इस वाहन का हर माह 45-50 हजार रुपए किराया भुगतान किया जा रहा है। अब तक वाहन का जितना किराया भुगतान किया जा चुका है उतनी राशि में नई इनोवा कार आ जाती।

- जितना किराया पटा चुके उतने में नई गाड़ी आ जाती

नगर निगम में नेताओं के करीबियों ने किस तरह से लूट मचा रखी है इसका जीता जागता उदाहरण सामने आया है। नगर निगम ने जिस ठेकेदार से लखीराम आडिटोरियम को खाली कराया है और उसका संचालन छीना है, उस पर ऑडिटोरियम के बिजली बिल का लगभग 35 लाख रुपए बकाया है,यह रकम ठेकेदार ने अब तक जमा नहीं की है। दूसरी तरफ उसी ठेकेदार की प्राइवेट इनोवा कार नगर निगम में किराए पर चल रही है, जिसका उपयोग महापौर रामशरण यादव कर रहे हैं। उस वाहन का नगर निगम हर महीने 45-50 हजार रुपए भुगतान कर रहा है। महापौर सफेद रंग की जिस इनोवा कार में भ्रमण करते हैं उसका नंबर सीजी 10, एफए 8444 है और इस वाहन का रजिस्ट्रेशन आरटीओ में उसी ठेकेदार के नाम पर है।

ये वही ठेकेदार है, जिससे ऑडिटोरियम का संचालन निगम ने छीना है और उस पर बिजली बिल का 35 लाख रुपए बकाया है। ये इनोवा कार आस्था ट्रेवल्स नामक ट्रेवल्स कंपनी के माध्यम से नगर निगम में लगाई गई है। निगम के अधिकारी इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि जिस ठेकेदार ने निगम को ऑडिटोरियम में बिजली बिल कि 35 लाख रुपए जमा नहीं किया है उसे हर महीने 45 से 50 हजार का भुगतान क्यों किया जा रहा है।मजे की बात ये है कि हर महीने इस कार का जितना किराया अभी तक नगर निगम दे चुका है उतने में नई इनोवा कार आ जाती।




### निगम में आई थी चार नई कार

नगर निगम को सालभर पहले शासन से चार नई मारूति डिजायर कार मिली थी। इसमें से एक कार महापौर को दिया जाना था, किन्तु महापौर छोटी गाड़ी नहीं लेना चाहते थे इसलिए ये सभी कार निगम के जोन कमिश्नरों को आबंटित कर दी गई। महापौर के लिए किराए का वाहन को लेकर पूर्व में नगरीय प्रशासन मंत्री की बैठक में यह बात भी उठी थी कि जितना भुगतान किया जा चुका है उतने में तो नई गाड़ी खरीदी जा सकती थी। लेकिन उसके बाद भी किराए पर वाहन चलता रहा और निगम से भुगतान होता रहा।

### इसलिए नहीं किया गया ठेका एक्सटेंशन

लखीराम ऑडिटोरियम का ठेका एक साल के लिए बढ़ाने ठेकेदार की ओर से आवेदन दिया गया था। लेकिन नगर निगम ने ऑडिटोरियम ठेका एक्सटेंशन का आवेदन खारिज कर दिया। ऑडिटोरियम के लिए ठेकेदार को एक्सटेंशन नहीं दिए जाने के पीछे कारण ये बताया गया कि इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए भी किया जाने लगा था और ऑडिटोरियम के सामने एक तरफ का हिस्सा फूड जोन में तब्दील हो गया था, जहां चॉट, गुपचुप, चाऊमिंग, पिज्जा-बर्गर से लेकर बिरयानी सेंटर खुल गए थे। वहीं दूसरे हिस्से में आए दिन कपड़े की सेल लगी रहता थी। इस तरह ऑडिटोरियम का दूसरा हिस्सा कपड़ा मार्केट बन गया था। यहां अनेक व्यापारियों से प्रतिमा कर खड़ी करने का भी किराया लिया जा रहा था।

### वाहन किस ठेकेदार का पता नहीं

नगर निगम में महापौर की गाड़ी शासकीय नहीं है, वह वाहन किराए पर चल रहा है। यह वाहन किस ठेकेदार का है ये जानकारी नहीं है। वाहन आस्था ट्रेवल्स से लगा है और भुगतान भी आस्था ट्रेवल्स के नाम पर होता है।

**- गोपाल ठाकुर**
प्रभारी वाहन शाखा
नगर निगम

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश का लखराम के निवासियों ने किया भव्य स्वागत



**लखराम।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश का उत्तर बिल्हा केंद्र लखराम में भव्य स्वागत किया गया। बाजे गाजे से भजन कीर्तन करते हुए कलश को ग्राम से घुमाते हुए बस स्टेंड स्थित माता चौरा मंदिर में सम्मान रखा गया है, जिसे उत्तर बिल्हा खण्ड के समस्त मण्डलों में वितरित करने के पश्चात मंडल के समस्त गांवों के घरों में वितरित किया जाएगा। उक्त अवसर पर उत्साह से ग्राम के नागरिकों द्वारा कलश की जगह-जगह आरती उतारी गई। इस कार्य में उत्तर बिल्हा के समस्त कार्यकर्ता हर्षित होकर राम काज करते हुए भजन गाकर घर-घर निमंत्रण देने की योजना में लगे हुए है।

### अरईबंद ग्रामपंचायत में सरपंच ने मितानिनों का किया सम्मान



**तखतपुर।** मंगलवार को ग्राम पंचायत अरईबंद के पंचायत भवन में सरपंच के द्वारा सभी मितानिन एमटी को शाल श्रीफल से उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सरपंच सरजू यादव ने कहा कि गांव में प्राथमिक उपचार कर लोगों के जीवन को बचाने में प्राथमिक तौर पर सहायता देते हैं और यही प्राथमिक सहायता लोगों की जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है। इस कार्य में मितानिन बिना किसी परेशानी और मौसम को ध्यान में रखते हुए सहायता करने पहुंचती हैं। इनके योगदान के कारण ही कई बीमारियों पर तत्काल नियंत्रण मिल जाता है और इनके स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। इनके सम्मान कर हम अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच जयंती सरजू यादव, सीताराम कौशिक सचिव, रोजगार सहायिका, उपसरपंच, पंच सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गांव को स्वच्छ रखने ली शपथ, बीमारी से दूर रहने लोगों को किया जागरूक




**तखतपुर।** ग्राम पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ रखकर लोगों को बिमारी से दूर रखने तथा स्वच्छता के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए संबलपुरी के सरपचं राजेश कौशिक के द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है। इस सभी कार्यो का एक मात्र उद्देश्य है कि गांव में चारों तरफ स्वाच्छता हो और इस अभियान को लोग अपना दायित्व मानकर सहयोग दें, ताकि संबलपुरी क्षेत्र बीमारियों से दूर रहे और लोग स्वस्थ रहें। ग्राम पंचायत संबलपुरी में सामूहिक श्रमदान व रंगोली कार्यक्रम एवं गांव को स्वच्छ रखने के लिए शपथ भी लिया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच राजेश कौशिक, उपसरपंच कृष्ण कुमार सुर्यवंशी,सचिव शोभना दुबे, सियाराम सुर्यवंशी, अभिषेक कौशिक, दयाशंकर वस्त्रकार, जमुना सुर्यवंशी,रमा सुर्यवंशी लक्ष्मीन साहू, पत्रिका सुर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित हुए। संबलपुरी के सरपंच द्वारा गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपने पैसे से गांव में सफाई कर्मी रखकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### निजात अभियान के तहत सकर्रा में जागरूकता कार्यक्रम



**बिल्हा/बोदरी।** हिर्री पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत ग्राम सकर्रा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने उपस्थित गणमान्य नागरिको एवं छात्र छात्राओ को नशे से दूर रहने एवं नशापान में लिप्त लोगो को नशे से निजात दिलाकर समाज के मुख्यधारा में लाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। कार्यकम के दौरान चकरभाठा टीआई कृष्णा पटेल ने नशे के प्रकार एवं उसके दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए नशे से दूर रहकर स्वस्थ परिवार एवं समाज का निर्माण करने का आव्हान किया। सकर्रा स्कूल के पूर्व छात्र डा. घनश्याम यादव ने नशे से किस प्रकार शरीर के अलग अलग अंगो पर दुष्प्रभाव पडता है की जानकारी दी। कार्यकम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, विशिष्ट अतिथि एवं सहायक वक्ता नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा कृष्णा पटेल, प्राचार्य आरके पाण्डेय, अध्यक्ष शाला विकास समिति कौशल साहू, ग्राम सरपंच सुशीला मरावी. पंच रानी कर्ष अन्य नागरिक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# सत्य के मार्ग पर चलने का कार्य अच्छा:साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर नया बस स्टैण्ड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि बाबा गुरूघासीदास के संदेशों को आत्मसात करते हुए हम एक बेहतर और एक श्रेष्ठ समाज की रचना कर सकते हैं। जब तक व्यक्ति का विचार श्रेष्ठ नहीं होगा, तब तक वह बेहतर रचनात्मक कार्य नहीं कर सकेगा। बाबा ने सभी को बताया कि जीवन में भलाई और सत्य के मार्ग पर चलने के अलावा और कोई अच्छा कार्य नही है।

गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर, संतोष कौशिक, जितेंद्र पाण्डेय, मुन्ना श्रीवास, वंदना बाला सिंह, सुनील आहुजा, विमला जांगड़े अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोग के लिए विधायक धर्मजीत सिंह ने 51 हजार रूपए और उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने 11 हजार रूपए, संतोष कौशिक, जितेंद्र पाण्डेय ने भी 5-5 हजार रूपए सहयोग दिया। पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान की सीख हमें बाबा ने दिया था और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन को ध्यान बना सकते है। कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस सचिव संतोष कौशिक, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, अशोक ठाकुर, संजीव खाण्डे, करमचंद रात्रे, तरूण खाण्डेकर, अजय देवांगन, बिहारी देवांगन, प्रदीप कौशिक, लव पाण्डेय, बंशी पाड़े ,कृष्ण कुमार साहू, करीम कुरैशी, सूर्या कश्यप, सुनील जांगडे, अनिल जांगडे, विश्वनाथ यादव, विकास पाण्डेय, गुलजीत सिंह खुराना, घनश्याम शिवहरे, दिलीप तोलानी, ईश्वर देवांगन, संजीव खाण्डेय आदि मौजूद थे।




### लालपुर में डिप्टी सीएम ने कहा- सत्य मनुष्य का आभूषण है



**लोरमी।** लालपुर में आयोजित गुरूघासीदास जयंती कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव देर शाम दिल्ली से लौटकर शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि सत्य मनुष्य का आभूषण है, बाबा गुरूघासीदास ने मनखे-मनखे एक समान करूणा प्रेम सत्य अहिंसा का संदेश दिया यह बहुत प्रभावशाली है। बाबाजी के बताए सत्य के मार्ग पर चलकर सभी को अपना जीवन सफल बनाना हैं। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जिले एवं प्रदेशवासियों को गुरूघासीदास जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखे। सतनामी कल्याण समिति बंधवा के राजमहंत भुनेश्वर पात्रे ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से चार सूत्रीय मांग रखी गई जिसमें कई वर्षों से समस्त विभाग में लंबित बैकलॉग भर्ती त्वरित गति से करने, अनूसूचित जाति का आरक्षण पूर्ववत 16 प्रतिशत करने, ग्राम लालपुर में कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खोले जाने, जिला हॉस्पिटल का नामकरण ममतामयी मिनीमाता के नाम पर करना शामिल है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक तोखन साहू, फणीश्वर पाटले, भुवनेश्वर पात्रे, डीएल भास्कर, श्याम लाल खांडेकर, सन्तदास पात्रे, भागवत बघेल,रामकुमार पात्रे,स्वास्थ दिवाकर,गौकरण भास्कर, रामेश्वर बंजारे, लोकेश्वर पाटले एवं गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, धनेश साहू, महेंद्र खत्री, ज्ञानेश क्षत्री, प्रकाश बघेल सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खाद्य विभाग व पुलिस ने जब्त किया चावल से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला



कस्टम मिलिंग के नाम से रवाना होने वाला ट्रक एफसीआई गोदाम ना जाकर स्थानीय राइस मिलर के पास भेजा जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने वाहन रोककर पूछताछ की। ड्राइवर द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने एवं कागजात प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर अभिरक्षा में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- एफसीआई गोदाम के बजाय स्थानीय राइस मिल जा रहा था चावल

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय राइस मिलर जेपी अग्रवाल द्वारा एक ट्रक चावल वाहन क्रमांक सीजी 10 एक्यू 4203 में 290 क्विंटल चावल लोड था, उसे कटघोरा में स्थित एक अन्य राइस मिलर के पास भेजा जा रहा था, जबकि यह चावल कस्टम मिलिंग हेतु एफसीआई गोदाम भेजा जाना था। संदेह के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक से कागज की मांग की तो उसने मातेश्वरी राइस मिल कटघोरा के नाम का चालान पुलिस को दिखाया। ड्राइवर के बयान से स्पष्ट था कि चावल एफसीआई गोदाम ना जाकर मातेश्वरी राइस मिल भेजा जा रहा था और जेपी अग्रवाल द्वारा अवैध रूप से चावल विक्रय कर मातेश्वरी राइस मिल को दे दिया गया था। मौके पर पहुंचे जिला सहायक खाद्य अधिकारी नटवर सिंह राठौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला चावल की अफरा तफरी का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने वाहन जब्त कर अपनी अभिरक्षा में लिया है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गठित की जाएगी टीम**

चावल के अफरा तफरी करने के मामले की जानकारी हुई है। खाद्य विभाग के द्वारा कंचन में की कार्रवाई की गई है। टीम गठित कर जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**-प्रियंका ऋषि महोबिया,** कलेक्टर गौरेला पेंड्रा मरवाही

### मोदी की गारंटी रथ का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**जरहागांव।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुलवारी व बिरगांव में संयुक्त रूप से संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव का बाजार भी बैठाया गया, ताकि लोग अधिक से अधिक पहुंच सकें। इस अवसर पर स्वागत समिति ने संकल्प रथ का स्वागत किया। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रिकार्ड किया हुआ संदेश और विकसित भारत के संकल्प का विडियो व चलचित्र का प्रसारण किया गया। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, अभिनंदन समिति द्वारा उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, खिलाड़ियों का अभिनंदन, ऑन स्पॉट स्वास्थ्य जांच, पीएम उज्वला नवीन पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन किया गया। सभी विभाग के अलग अलग स्टाल का लोगो ने लाभ लिया। इस दौरान बीरगांव सरपंच प्रतिनिधि राज बंजारे, फुलवारी, सरपंच माखन साहू, बिरगहनी सरपंच राजेश पाली के साथ अधिकारी- कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### सारधा में शिक्षकों ने बच्चों को वितरण किया स्वेटर



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारधा मे जिला शिक्षा अधिकारी जीएल चतुर्वेदी के संरक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस राजपूत के मार्गदर्शन, संकुल प्रभारी अरूण जायसवाल व शैक्षिक समन्वयक केशव चौहान के निर्देशन एवं शिक्षक डाक्टर सत्यनारायण तिवारी के संयोजन मे प्रधान पाठक प्रदुम्न पटेल, शिक्षक संतोष गहरे सावित्री साहू व नरसिंह राठौर द्वारा 72 छात्र छात्राओ को 17 हजार रूपए का स्वेटर वितरण किया। इसमे सरपंच दिलेश्वरी ध्रुव के मुख्य आतिथ्य शालाप्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह राजन की अध्यक्षता तथा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र निर्मलकर, रघुनाथ साहू ,जय केशरवानी, बिहारी साहू व सेवानिवृत्त शिक्षक जय सिंह राजपूत के विशिष्ट आतिथ्य मे स्वेटर वितरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्रदुम्न राम पटेल, प्रभारी शैक्षिक समन्वयक प्रभात वैष्णव, शिक्षक संतोष गहरे, नरसिंह राठौर, अजय साहू, कमलेश साहू, सावित्री साहू, अनुसुईया राजपूत, जयन्ती राजपूत व नेहा गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### युवाओं ने किया जंतर मंतर में अनशन



**मुंगेली।** रोजगार आंदोलन समिति के बैनर तले आयोजित रोजगार आंदोलन अनिश्चितकालीन अनशन में जिले के युवा आंदोलन में भाग लेने दिल्ली जंतर-मंतर पहुंचे। कार्यक्रम का उद्देश्य रिक्त पदों पर भर्ती कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने और देश के युवाओं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए है। कार्यक्रम में जिले के निवासी प्रदेश छात्र मोर्चा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अभिलाष जायसवाल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। अभिलाष जायसवाल ने बताया कि पूरे देश में रोजगार संसद के बाद बनी रोजगार आंदोलन समिति बीस राज्यों में 260 तहसील में रोजगार संवाद का सफल आयोजन कर केंद्र सरकार मांग कर रहे कि साठ लाख रिक्त पदों पर भर्ती कर देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करें। देश की बात फाउंडेशन सामाजिक संस्था एवं दो सौ से अधिक संगठन कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ से डॉक्टर दीप्ति धुरंधर, प्रवीण स्योकन्द किसान नेता, प्रिंस कलोत्रा सहित युवा सम्मिलित होने दिल्ली पहुंचे हैं।

## प्रांतीय स्वजातीय मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित प्रांतीय स्वजातीय मिलन कार्यक्रम का समापन घोंघा जलाशय के समीप आनंद वन में किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश से 500 से अधिक मंच साथियों एवं परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



कार्यक्रम में अतिथि छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी, राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती रीना केडिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री अंशुल गोयल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गर्ग, प्रांतीय महामंत्री राज अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक सिंघानिया, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता मित्तल, मंच की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती मंजुला अग्रवाल एवं मंच के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। शाखा के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल एवं सचिव आकाश अग्रवाल ने प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर आनंद वन में मनोरंजन हेतु होजी प्रतियोगिता, लाइव बैंड, म्यूजिक, डी जे, बोटिंग, कुर्सी दौड़ सहित अनेक मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ लजीज व्यंजनों ने सभी मंच साथियों का मन मोह लिया। प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया की सेवा के साथ साथ मनोरजन होने सेवा कार्यो की क्षमता कई गुना अधिक हो जाती है। निर्वृतमान प्रांतीय अमर सुल्तानिया द्वारा मंच संचालन कर स्वजातीयो का उत्साह कर नई ऊर्जा का संचार कर मनोरजक प्रश्न सदस्यों से पूछ कर पुरस्कृत किया गया।

## ठंड ने बढ़ाई गर्म कपड़ों की मांग, बाजार में बढ़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ठंड का पारा बढ़ते ही बाजार में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। ठंड से बचने के साथ स्टाइलिश कपड़ों का फैशन जोरों पर है, जिसके साथ लांग कोट या लेदर जैकेट युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है, तो सतरंगी कार्डिगन युवतियों को लुभा रही है। बाजार भी नई वैरायटियों के गर्म कपड़ों की दुकान सजी हुई है, जहां खरीददारों की भीड़ नजर आ रही है।

मौसम के साथ फैशन भी बदल गया है। ऊनी गर्म कपड़े अब पुराने दौर की बात हो गई है। आजकल बाजार लेदर जैकेट और फेब्रिक के गर्म कपड़ों से पटा हुआ है। बड़े शहरों के तर्ज पर छोटे शहर के युवा भी नई फैशन को अपना रहे है। इसे देख यहां के गारमेंट शोरूम नई वैरायटियां लेकर आए है। इसमें जींस के साथ लांग कोट तो अलग-अलग रंगों में लेदर जैकेट है। वहीं महिलाओं के लिए भी गर्म कपड़ों में अच्छी रेंज बनी हुई है। स्कार्फ और मफलर के साथ कार्डिगन चटक रंगों व आकर्षक डिजाइन में उपलब्ध है। सर्दी के मौसम में गर्म कपड़ों के साथ फैशनेबल जूते भी बाजार में आए है। लांग बूट हमेशा की तरह पहली पसंद बने हुए है। वहीं टी-शर्ट बूट और स्पोर्ट शू की आकर्षक डिजाइन युवाओं को भा रही है। स्टाइलिश लुक के लिए युवतियां साफ्ट टॉय मटेरियल से बने कार्डिगन और लेदर जैकेट को अहमियत दे रहे है। साफ्ट टॉय मटेरियल के गर्म कपड़े बजट में होने के साथ आकर्षक भी दिखते है। मार्केट 300 से 600 की रेंज में अच्छे कार्डिगन आए है।



## निधन

### दीप्ति जावलकर



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी दीप्ति जावलकर का रविवार 17 दिसंबर को निधन हो गया । वे 67 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप जावलकर की पत्नी, दीपेश एवं तुषार की मां थीं।

### लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** विष्णु चौक तिफरा निवासी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा का 19 दिसम्बर को निधन हो गया। एनका अंतिम संस्कार 20 दिसम्बर को तिफरा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आलोक राज विश्वकर्मा के पिता थे।

### रामआसरे गुप्ता



**मल्हार।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रामआसरे गुप्ता उम्र 74 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय, सतीश, सुनील व सुशील गुप्ता के पिता थे।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2023,
बिलासपुर, दिनांक 12 .12 .2023

श्री सूरज राठौर आत्मज श्री प्यारे लाल राठौर उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 04 दुर्गा मंदिर के पास कस्तूरबा नगर बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं शिखा समुद्रे आत्मजा श्री मुन्ना लाल समुद्रे उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 04 दुर्गा मंदिर के पास कस्तूरबा नगर बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 18.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


सूरज राठौर


शिखा समुद्रे

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि हकीम कुमार पिता श्री गौरी शंकर निवासी ग्राम चिमनी भट्ठा वार्ड नं. 07 तहसील पाली जिला कोरबा एवं कु.शिबा दास पिता श्री सुन्दर दास निवासी म.नं. 269 वार्ड नं. 08 जोरा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07 जनवरी, 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी,
रायपुर छ.ग.

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं ज्योति, उम्र 27 वर्ष, पिता उत्तम कुमार काछी, निवासी-सरवन देवरी, बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ। जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक कहती हूँ : 1. यह कि मेरे 10 वीं एवं 12 वी की अंक सुची में मेरा नाम ज्योति दर्ज हैं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड जिसका कार्ड नं 774089677353 हैं जिसमें मेरा नाम ज्योति काछी दर्ज हैं। 3. यह कि मैं सन् 2019 मैं स्नातक की परीक्षा शा. महामाया कॉलेज रतनपुर, बिलासपुर से उत्तीर्ण की हूँ जिसमे मेरा नाम कु.ज्योति दर्ज हैं। 4. यह कि मैं सन् 2020 में एम कॉम की परीक्षा एल.सी. आई.टी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स एवं साईस बोदरी, बिलासपुर से उत्तीर्ण की हूँ जिसमें मेरा नाम ज्योति कु. ज्योति दर्ज हैं। 5. यह कि मैं ज्योति एवं कु. ज्योति दोनो एक ही व्यक्ति के नाम हैं एवं दोनो मेरे ही नाम है। 6. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में दोनो नाम के व्यक्ति का नाम ज्योति ही हैं जो कि मेरा ही नाम हैं। जिसे साक्ष्य स्वरूप प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ता-ज्योति**

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव, जिला मुंगेली ( छ.ग. )**

//नोटिस//

रा.प्र.क्र.---/--/----/2022-23
ई कोट क्र. 202308252100028
ग्राम पीपरपारा प.ह.नं. 12

एतद् द्वारा मीरादेवी केशरवानी पति स्व. चन्द्रकुमार, रमाकांत केशरवानी, सूर्यकांत केशरवानी दोनों पिता स्व. चन्द्रकुमार तीनो निवासी गाँधी वार्ड मेन रोड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली, अंजली अग्रवाल पिता स्व. चन्द्र कुमार पति स्व. अजीत अग्रवाल निवासी पोलसायपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग एवं सरिता गुप्ता पिता स्व. चन्द्रकुमार पति गिरीश गुप्ता निवासी सिविल वार्ड साकोली जिला भंडारा महाराष्ट्र को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयकांत केशरवानी पिता स्व. चन्द्रकुमार निवासी गाँधी वार्ड मेन रोड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम पीपरपारा प.ह.नं. 12 तहसील जरहागांव जिला मुंगेली स्थित आवेदक एवं अनावेदकगण के संयुक्त भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं0 1/1/क रकबा 1.859 हे. भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में आपको किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 26/12/2023 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय जरहागांव में दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने से आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा।

आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
जरहागांव

**आम सूचना**

दिनांक 20/12/2023

मैं, अपने पक्षकार श्रीमति प्रतिभा पाण्डेय पति गोविन्द प्रसाद निवासी तिलक नगर बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत हो कर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन करती हूँ कृपया अवगत होवें कि मेरे पक्षकार ने राजीव कुमार मिश्रा पिता स्व. प्रकाश चन्द्र मिश्रा निवासी सूर्य विहार कालोनी नेहरू नगर भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. से भूमि जो कि परिवर्तित भूमि है शीट नं-13, भू-3/14 प.ह.न.- 43 मौजा अमेरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका ख.नं.-416/21, रकबा 0.0220 एकड़, 2400 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा कर बयाना राशि उक्त संपति के आम मुख्तयार शुभाशीष कुमार मित्रा पिता स्व. एस.बी. मित्रा के माध्यम से दी जा चुकि है व निकट भविष्य में पंजीयन कराया जावेगा। इस पंजीयन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय उपस्थित हो कर मय दस्तावेज सहित 7 दिनों के भीतर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करावें, समय सीमा व्यतीत होने पर की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय

**सविता पंजाबी अधिवक्ता**
**Savita Punjabi**
**Near Pump House**
**Tiwari Chal, Rajendra Nagar**
**Bilaspur (C.G.)**
**Mo: 09424150589**

**Health Town**

**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**

छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.

डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध

जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार

छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)

रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192

अग्रिम रजिस्ट्रेशन

**जड़ से इलाज**

ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर टेंट ओनर्स एसोसिएशन ने दी विधायक अमर को बधाई



**बिलासपुर।** टेंट ओनर्स एसोसिएशन ने बिलासपुर के नवनिर्वाचित विधायक अमर अग्रवाल से भेंट कर उन्हें जीत की बधाई दी है। टेंट एसोसिएशन ने आशा व्यक्त किया कि विधायक अग्रवाल बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ की तरक़्क़ी के लिए सदैव कार्यरत रहेंगे और छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाइयों पर लेकर जाएंगे। श्री अग्रवाल ने चुनाव के दौरान किए गए सहयोग के लिए टेंट व्यवसायियों का धन्यवाद किया। इस मौक़े पर अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ, सचिव कमल जैन, नरेंद्र सिंह सलूजा, गुरदीप सिंह आज़मानी, हरीश शर्मा, इंद्रजीत सिंह इच्छपुरानी, सुभाष सवन्नी, अभिषेक अग्रवाल, सरबजीत सिंह राणा, चिमन रावलनी, अमनदीप सिंह होरा, संतोष राणा, नंदू यादव, मनोज जैन, राजू राणा, अमित सोनी, सोमू यादव, कुलेश्वर, कन्हैया यादव, सोनू रजक, विशाल, दिलीप, संजय आदि मौजूद थे।

### भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाने कांग्रेस ने लांच किया ऑनलाइन फंडिंग एप

**बिलासपुर।** भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने ऑनलाइन फंडिंग योजना शुरू की है। इसके लिए बकायदा वेबसाइट जारी किया है। अभा कांग्रेस कमेटी ने 28 दिसंबर कांग्रेस की स्थापना दिवस के पूर्व प्रत्येक बूथ से कम से कम 10 लोगों से देश के लिए दान करने प्रेरित करने कहा है। 28 दिसंबर को कांग्रेस की स्थापना दिवस के पहले ऑनलाइन और उसके बाद घर घर जाकर सिर्फ़ 138 रुपए समर्थन राशि लेने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 18 दिसम्बर को नई दिल्ली में ऑन लाइन क्राउडफंडिंग - देश के लिए करें दान को लांच किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि ऑनलाइन क्राउड फंडिंग जो महात्मा गांधी द्वारा 1920-21 में तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है ऑनलाइन फंडिंग शुरू किया था। जिला अध्यक्ष श्री केशरवानी ने कहा कि बेहतर भारत के लिए आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस की 138 वीं स्थापना पर कांग्रेस जनों एवं कांग्रेस विचार धारा के लोग से 138 रुपए के गुणक में ऑनलाइन दान करने जैसे 138, 1380, 13800 जिसका वेव साइट पोर्टल www.donateinc.in कांग्रेस की आधिकारिक साइट www.inc.in जारी किया गया है। श्री केशरवानी ने समस्त ब्लॉक और नगर अध्यक्ष से 28 दिसम्बर से कांग्रेस की स्थापना दिवस के पहले ऑनलाइन अपने- अपने ब्लॉक के प्रत्येक बूथ से कम से कम 10 कांग्रेसजन से देश के लिए दान कर घर घर जाकर केवल 138 रुपए लेने का अनुरोध किया है।

### श्री राणी सती दादी का संगीतमय मंगल पाठ कल

**बिलासपुर।** कल 21 दिसंबर नवमीं गुरुवार को दोपहर 3 बजे से गोविंदम पैलेस के लान में श्री राणी सती दादी का संगीतमय मंगल पाठ किया जाएगा। सीए आनंद अग्रवाल ने बताया कि इसमें गुजरात की प्रख्यात भजन गायिका सुश्री सुरभि बिरजुका, सूरत के मधुर कंठों से श्री राणी सती दादी का संगीतमय मंगल पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर पारंपरिक हल्दी एवं मेंहदी संस्कार के पश्चात विवाह पर साक्षात भगवान भोलेनाथ एवं जगतजननी माता पार्वती द्वारा संगीत मय आशीर्वाद संस्कार संपन्न होगा। श्री दादी के देवी स्वरूप प्राकट्य बेला में ढोल नगाड़ों व मृदंग के साथ तांडव नृत्य तथा गंगा आरती की तर्ज पर बनारस के पांडित्य द्वारा भव्य आरती के साथ 501 मिट्टी के दीप प्रज्वल्लित कर श्री दादी की महाआरती की जाएगी। अंत में श्री दादी की रसोई में तैयार छप्पन भोग एवं स्वादिष्ट भोजन प्रसाद ग्रहण कर इस यादगार आयोजन का समापन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की समस्त धर्मप्रेमी जनता उक्त निःशुल्क आयोजन में बिना रोकटोक के सहजता से शामिल हो सकती हैं।




## एजुकेशन प्लस

### आचार्य इंस्टीट्यूट में नए सत्र का एडमिशन फ्री



**बिलासपुर।** आचार्य इंस्टीट्यूट में नए सत्र का एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि आचार्य इंस्टीट्यूट में क्लास सिक्स से लेकर 12 तक फ्री एडमिशन चालू है। जिसमें बच्चे फ्री एडमिशन के लिए अप्लाई कर सकते हैं और अभी फ्री एडमिशन कराने पर बच्चों को अच्छा खासा फीस में डिस्काउंट स्कॉलरशिप के थ्रू दिया जा रहा है। संस्था द्वारा संचालित इस योजना का अभिभावक खूब लाभ उठा रहे हैं। वे अपने बच्चों को यहां फ्री में एडमिशन करा कर उनका भविष्य संवारने में जुटे हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान संपर्क कर सकते हैं।

# नेशनल लोक अदालत में 4 लाख 85 हजार प्रकरण सुलझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देश पर वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में छग हाईकोर्ट एवं मुख्य संरक्षक, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन एवं मुख्य न्यायाधीश छग उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के दिशा–निर्देश में नालसा द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार छग राज्य में हाईकोर्ट से लेकर तालुका स्तर तक सभी न्यायालयों में 16 दिसंबर 23 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों को पक्षकारों की आपसी सहमति व समझौता से निराकृत किए गए। अवलोकनीय है कि सालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने जिला न्यायालय धमतरी एवं कांकेर का भ्रमण कर उक्त लोक अदालत की कार्रवाई का निरीक्षण किया। उनके द्वारा न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों का लोक अदालत के प्रति उत्साहवर्धन किया गया। उक्त लोक अदालत में पिछले तीन लोक अदालत की तुलना में सबसे ज्यादा 4 लाख 85 हजार 813 प्रकरणों का निराकरण किया गया है, जिसमें प्री–लिटिगेशन के 4 लाख 34 हजार 931 एवं लंबित मामलों के 50 हजार 882 प्रकरण शामिल हैं। इसमें कुल 7 अरब 89 करोड़ 98 लाख 37 हजार 892 रुपए का अवार्ड पारित किया गया है।




**7 अरब, 89 करोड़, 98 लाख 37 हजार 892 रुपए का अवार्ड पारित**

### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

सालसा के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि सालसा द्वारा इस बार 5 वर्ष, 10 वर्ष से अधिक अवधि के तथा वरिष्ठजनों से संबंधित प्रकरणों को रखा गया था। इस लोक अदालत में 5 वर्ष अवधि वाले 932 व 10 वर्ष या उससे अधिक अवधि वाले 82 तथा वरिष्ठजन के 328 प्रकरण राजीनामा से निराकृत किए गए। ज्ञात हो कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के निर्देश पर वर्ष 2023 में पूर्व आयोजित 3 लोक अदालतों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, जिला न्यायाधीशों एवं फैमिली कोर्ट न्यायाधीश को सम्मानित करने सालसा द्वारा छग हाईकोर्ट में 14 अक्टूबर 23 को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप इस बार की लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है।

### निराकृत प्रकरणों की संख्या बढ़ी

नालसा के निर्देश पर वर्ष 2023 के प्रथम नेशनल लोक अदालत 11 फरवरी को कुल 3 लाख 11 हजार 607, द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 मई 23 में कुल 3 लाख 94 हजार 573, तृतीय नेशनल लोक अदालत में 9 सितंबर 23 को 4 लाख 72 हजार 177 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इससे स्पष्ट है कि प्रत्येक लोक अदालतों में निराकृत प्रकरणों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है।

### 6 से 8 दिसंबर तक 3 दिन नैक टीम ने विश्वविद्यालय का किया था विजिट

# सीवीआरयू बना नैक ए ग्रेड पाने वाला प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय

## ए ग्रेड मिलने पर दायित्व भी बढ़ा-कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने ए ग्रेड दिया है। इसके साथ ही सीवीआरयू राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) में ए ग्रेड पाने वाला प्रदेश का पहला निजी विवि बना गया है। 6 से 8 दिसंबर 23 को नैक पीयर टीम ने डॉ. सीवी रमन विवि में विजिट किया था। इसके पूर्व 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने विवि को बी प्लस ग्रेड दिया था। ए ग्रेड अपडेशन से विवि परिवार सहित ग्रुप के सभी विश्वविद्यालयों में खुशी की लहर है।



डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने बताया कि 6 दिसंबर से 8 दिसंबर 23 तक नैक पीयर टीम ने रमन विवि का विजिट किया था। उन्होंने बताया कि नैक द्वारा निर्धारित मापदंडों करिकुलम आसपेक्टस, टीचिंग लर्निंग एंड एवल्यूश, रिचर्स इनोवेशन एंड एक्सटेंशन, इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड लर्निंग रिसोंस, स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेशन, गर्वनेंस लीडरशीप एंड मैनेंजमेंट, इंडस्ट्रीयन वैल्यू एंड बेस प्रेक्टिस को परखा। नैक पीयर टीम ने पाया कि सीवीआरयू शिक्षा, शोध, कला संस्कृति मूल्यों,रचनात्मकता, और उद्यमियता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। तीन दिन 7 सदस्यी नैक पीयर टीम ने विजिट करने के बाद आज नैक पीयर टीम ने विवि को ए ग्रेड प्रदान किया । ए ग्रेड प्राप्त होने के बाद विवि का दायित्व बढ़ा है। हम इस बढ़े दायित्व को भी निभाएंगे।



## पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात : शुक्ला

विवि के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि सीवीआरयू नैक ए ग्रेड पाने वाला प्रदेश का पहला विवि बना गया है। यह सीवीआरयू के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। यह एक ठहराव मात्र है मंजिल नहीं है। सर्वोच्च ग्रेड प्राप्त के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि रमन विवि बिलासपुर ही नहीं ग्रुप के सभी 6 विवि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं। विवि में विश्व स्तरीय सुविधाएं हैं। डॉ. रमन विवि मध्य भारत का सबसे बड़ा विवि है। आदिवासी अंचल में स्थापित होने के बाद भी यहां विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है। शुक्ला ने बताया कि विवि की प्रयोगशालाओं, कला केंद्रों, स्पोटर्स सुविधाएं, लायब्रेरी सहित सभी सुविधाओं की गुणवत्ता को पीयर टीम ने सराहा। उन्होंने बताया कि छग संजोही से लेकर भारत सरकार द्वारा प्रदत्त इंक्यूबेशन सेंटर तक हम काम कर रहे हैं। एक ओर विवि छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति साहित्य और जीवन शैली के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है। वहीं दूसरी ओर टेक्नॉलाजी के साथ कदम ताल करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रदत्त इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है। विवि खेल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना सफलता का परचम लहराया है। यहां से पढ़े विद्यार्थी दुनिया के कई देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



## विधायक अटल- दिलीप ने ली शपथ



**बिलासपुर।** जिले के नव निर्वाचित विधायक अटल श्रीवास्तव एवं दिलीप लहरिया ने विधायक पद की शपथ ली। मंगलवार 19 दिसंबर को विधानसभा में नवनिर्वाचित 90 विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रोटेम स्पीकर रामविचार ने विधायकों को शपथ दिलाई। बिलासपुर जिले के कांग्रेस के दोनों विधायक कोटा के अटल श्रीवास्तव व मस्तूरी के विधायक दिलीप लहरिया ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर विधायकों के परिवार के सदस्य भी दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहे । वहीं बिलासपुर जिले के कांग्रेस नेता अशोक अग्रवाल, प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, चित्रकांत श्रीवास आदि उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत से भेंट कर चर्चा की।

## नमित बने कैट युवा टीम के अध्यक्ष

**बिलासपुर।** कैट प्रदेश की मंगलवार 19 दिसंबर को रायपुर में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कैट के हर जिले के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी ने कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी व बिलासपुर प्रभारी राकेश ओचवानी, प्रदेश युवा अध्यक्ष अवनीत सिंह की सहमति से बिलासपुर युवा टीम का अध्यक्ष नमित सलूजा को घोषित किया। इस मौके पर बिलासपुर कैट के राजू सलूजा, किशोर पंजवानी, श्रीकांत पाण्डे, परमजीत सिंह उबेजा, हरदीप सिंह होरा, प्रमोद वर्मा, बिंदु सिंह कुशवाहा, रिशु शर्मा, राजेन्द्र सिंह, हीरानन्द जैयसिंग, विष्णु गुप्ता, निहारिका त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।



## स्वदेशी मेला देखने हर दिन उमड़ रही भीड़

# युवतियों ने हाथों में रचाई खूबसूरत मेहंदी

### 60 से अधिक महिलाओं, युवतियों ने भाग लेकर दिखाई कला प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले में पांचवें दिन मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 60 से अधिक महिलाओं, युवतियों ने भाग लिया एवं अपनी कला प्रतिभा दिखाते हुए दूल्हन, मारवाड़ी, भरी हुई मेहंदी लगाई। निर्णायकों ने मेहंदी की बारीकी, डिजाइन को देखकर अपना निर्णय दिया।

मेहंदी प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। पहले वर्ग में 10 से 17 एवं दूसरे वर्ग में 17 से अधिक उम्र की युवतियों, महिलाओं ने भाग लिया। दोनों वर्ग के प्रतिभागियों को डेढ़-डेढ़ घंटे का समय दिया गया। प्रतिभागी दामिनी कश्यप ने इण्डियन थीम में मेहंदी लगाकर बीच में राम-सीता बनाई। दामिनी ने बताया कि वह हरिभूमि द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में भी निरंतर भाग ले रही थीं। वहीं से उनको पहचान व काम भी मिला। आज वह मेहंदी को एक व्यवसाय के रूप में अपना कर निरंतर स्वालंबन की ओर बढ़ रही है। 16 साल की श्रुति यादव ने ब्राइडल मेहंदी लगाई। उन्होंने बताया कि मम्मी को लगाते-लगाते उनका हाथ बैठ गया और वह आज शादी सहित अन्य अवसरों में जाकर मेहंदी लगाने में भी पारंगत हो गई है। कॉलेज की छात्रा दामिनी तिवारी सिरगिट्टी को ड्राइंग में रूचि है। इसके चलते उसे मेहंदी सीखने में कोई परेशानी नहीं हुई और खुद से सीखकर अब क्लासेस चला रही है। दामिनी भी हरिभूमि द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में तीन बार भाग ली थी और उसे इनाम भी मिला था। अशोक नगर की गरिमा नथानी ने मेहंदी में राम-सीता बनाई। विगत तीन साल से मेहंदी का काम कर रही गरिमा अब इसे व्यवसाय के रूप में अपना ली है। राजकिशोरनगर की किरण गुप्ता ने विदेशी छोड़ो, स्वदेशी अपनाओं, हाय हलो छोड़कर नमस्कार करने स्लोगन के साथ मेहंदी रचाई। रायपुर से आए गणेश नामक युवक की मेहंदी कला में एकदम बारीकी दिखी। निर्णायक की भूमिका में रूही कश्यप, एस राजेश्वरी, लल्ली चंद्रा थीं। इस मौके पर किरण मेहता, शोभा कश्यप, मीना मानिकपुरी, रूपाली, कमलनी गुप्ता, रीता बरसैया, मीनाक्षी बोगर्डे, रूक्खमणि राजपूत की उपस्थित रहीं।



### बच्चों को किया प्रोत्साहित

वी क्लब गोल्ड बिलासपुर की ओर से मेहंदी के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार विजेताओं की घोषणा के बाद दी जाएगी। क्लब की अध्यक्ष रीता बरसैया ने बताया कि प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार दिया गया है। क्लब की टीम में सचिव रजनी खनूजा जगदीश सलूजा, नीरज, अल्का अग्रवाल, शुभा सिंह, निविता जालान भी शामिल रहीं।



### गीतों की प्रस्तुति ने मोहा मन

रात्रि में एसपी संतोष सिंह के मुख्य आतिथ्य, देवाशीष आचार्य एसईसीएल की अध्यक्षता एवं आशीष जायसवाल चौकसे ग्रुप के विशेष आतिथ्य में वाइस ऑफ बिलासपुर गायन प्रतियोगिता सीनियर वर्ग आयोजित की गई। इसमें 145 गायक कलाकारों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। इसमें कु. वैष्णवी, कु. त्रिशा प्रसाद, राजेश कुमार, पलक कश्यप, रविन्द्र खरपाते, आशुतोष, चंद्र साहू शामिल रहे। कार्यक्रम में युगल शर्मा, तुषार पानसे, अंकिता मेहता, सीबीएमडी के अरणव चौधरी, धीरज बाजपेई, उचित सूद, कमल छाबड़ा, सौम्या शुक्ला, मनीष दीक्षित, ममता दुबे, चानी ऐरी, तृप्ति चौहान, दीप्ति सुशांत द्विवेदी का सहयोग रहा। निर्णायक की भूमिका में प्रमोद रजक, गिरीश त्रिवेदी, तरुण शर्मा रहे। मंच संचालन अभिजीत मित्रा ने किया।

### राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

# कोरबा ने बनाई 227 रनों की बढ़त, पहले मैच में जीत की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले दिन के मैच में कोरबा ने कोरिया के खिलाफ 227 रनों की बढ़त बना ली है। वह जीत की ओर अग्रसर है।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में कोरबा बनाम कोरिया के मध्य खेला जा रहा है। जिसमें पहले कोरबा ने बल्लेबाजी करते हुए 74.5 ओवर में 259 रन बनाकर आउट हो गई। जिसके जवाब में कोरिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट खोकर 93 रन बना लिए थे। 19 दिसंबर को कोरिया ने 93 रनों से आगे खेलते हुए 64.3 ओवर में 199 रन बनाकर आउट हो गई। वहीं कोरबा ने पहली पारी में 60 रनों से बढ़त बना ली। कोरिया के बल्लेबाज कप्तान अमित कुमार यादव ने 105 रनों की पारी खेली वहीं बिपुल कुमार बारिक ने 22 रनों का योगदान दिया। कोरबा के गेंदबाज अभिसार श्रीवस्तव ने 5 विकेट और सुमित अग्रवाल ने 4 विकेट लिए। कोरबा ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 45.5 ओवर में 8 विकेट खोकर 167 रन बना लिए हैं। जिसमें सुधांशु तिवारी ने 50 रन अभीतोष कुमार ने 24 रनों का योगदान दिया और आयुष शर्मा नाबाद 28 रन पर खेल रहे हैं। कोरिया के गेंदबाजी अमित कुमार यादव और घनश्याम कुमार ने 3-3 विकेट लिए। अब तक कोरबा ने 227 रनों की बढ़त बना ली है। मैच के निर्णायक डी बालाजी कुमार और रिषभ सोनी, स्कोरर मो. जाकिर ऑब्जर्वर कमल घोष हैं।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि 20 दिसंबर को अंतिम दिन का खेल खेला जाएगा।



## हेल्थ प्लस

# सर्वाधिक मोतियाबिंद आपरेशन करने पर डा. सोनल जुनेजा को गोल्ड मैडल




**बिलासपुर।** सीएमडी चौक स्थित जुनेजा सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सोनल जुनेजा को छग राज्य ऑप्थल सोसायटी ने वर्ष 2022-23 में छग राज्य में सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन करने के लिए डॉ. सुभाष मिश्रा को गोल्ड मैडल अवॉर्ड से नवाजा गया।

छग राज्य आई सोसायटी द्वारा भिलाई में आयोजित 22 वें नेत्र सम्मेलन में एम्स दिल्ली की कैटरेक्ट, कॉर्निया की विभागाध्यक्ष तथा ऑल इंडिया आई सोसायटी की राष्ट्रीय साइंटिफिक सचिव डॉ. नम्रता शर्मा ने यह विशिष्ट सम्मान दिया। डॉ. सोनल बिलासपुर संभाग की एकमात्र एडवांस कॉर्नियल आई ट्रांसप्लांट सर्जन भी हैं। उन्होंने वर्ष 2022-23 में 3000 से अधिक सफल तथा जटिल मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण जुनेजा सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल में किए। जिसके लिए उन्हें डॉ. सुभाष मिश्रा गोल्ड मैडल अवॉर्ड दिया गया। इस अति विशिष्ट उपलब्धि से उन्होंने ना सिर्फ जुनेजा सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल अपितु सम्पूर्ण बिलासपुर को गौरवान्वि किया है।

डॉ. सोनल ने बताया कि जुनेजा सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल बिलासपुर संभाग में सर्वप्रथम व एकमात्र सम्पूर्ण एनएबीएच-ईसीओ एक्रेडिटेड आई हॉस्पिटल है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस अवॉर्ड को अपने मरीजों को समर्पित किया है। जिन्होंने डॉ. श्रीमती जुनेजा पर विश्वास करते हुए अपने आंखों की मोतियाबिंद सर्जरी करने की अनुमति प्रदान की।

### कैंप में निः शुल्क ओपीडी

यह जुनेजा सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल स्व. मदन लाल जुनेजा मेमोरियल नेत्रार्थ आई सोसायटी के माध्यम से गत 5 वर्षों से प्रत्येक शनिवार प्रत्येक वर्ग प्रथम पंजीयन निः शुल्क ओपीडी सुविधा प्रदान करते आ रहा है। इसके अतिरिक्त मरीज विभिन्न जगहों पर आयोजित निः शुल्क कैंप में निः शुल्क ओपीडी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। डॉ. जुनेजा ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के अलावा आंखों की जटिल रेटीना सर्जरी, तिरछेपन एवं भैंगापन का इलाज, पलकों का ऑपरेशन भी इस हॉस्पिटल में किया जाता है। वर्ष 2022-23 में किए गए 3000 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन की संख्या में और वृद्धि करने मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधा व इलाज प्रदान करने डॉ. सोनल जुनेजा एवं जुनेजा अस्पताल के अन्य डॉक्टर व स्टॉफ संकल्पित हैं।

### निःशुल्क आपरेशन की सुविधा

डा. सोनल ने बताया कि जुनेजा आई हॉस्पिटल का मकसद है कि आंख की सम्पूर्ण बीमारियों का इलाज एक छत के नीचे कम से कम दर में शासकीय एवं निजी योजनाओं का लाभ देते हुए अंतराष्ट्रीय मानकों एवं मापदंडों के तहत दिया जा सके। इस कड़ी में आयुष्मान योजना, डीबीसीएस योजना, ईएसआईसी, ईएसआईएस, रेलवे, सीजीएचएस (छग राज्य एवं आश्रित परिवार), 35+ प्राइवेट इंश्योरेंस एवं टीपीए के माध्यम से निः शुल्क ऑपरेशन सुविधा है। उन्होंने बताया कि सुविधा का लाभ लेने के लिए छग सहित अन्य प्रदेशों के मरीज भी इलाज कराने आते हैं, इसमें हमारी टीम उनका पूरा सहयोग करती है। हमारे द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले यह हमारा प्रयास है।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर कल

**बिलासपुर।** वार्ड 65 भगत सिंह स्कूल के पास बंधवापारा में गुरुवार 21 दिसंबर को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्वनिधि लोन 10,000 तक का फार्म भरवाया जाएगा। वार्ड पार्षद श्याम साहू ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बीपी, शुगर, ब्लड की जांच की जाएगी एवं स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार की दवाइयां वितरित की जाएगी। नया आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा एवं आयुष्मान कार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़े जाएंगे। आधार कार्ड अपडेट किए जाएंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन के फार्म भरवाए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत फार्म भराने, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### अटल की जयंती पर सुशासन दिवस 25 को

**बिलासपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने राज्य शासन से मिले निर्देशों के बाद अफसरों को इसकी तैयारी शुरू करने कहा है। कलेक्टर ने सुशासन दिवस के पूर्व ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लेंगे। ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से 1 सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित होगा।

### मोबाइल टिकिट पर 3 फीसदी का बोनस

**बिलासपुर।** डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। अनारक्षित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके वांछित गाड़ी में यात्रा के लिए घर बैठे अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। इस एप को बिना लाइन लगाये घर बैठे सभी स्टेशनों का अनारक्षित टिकट की बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफार्म टिकट की बुकिंग हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया। यह एप स्टेशन परिसर से 25 किमी की दूरी तक कार्य करती है। टिकट के भुगतान हेतु आर-वालेट रिचार्ज पर 3 प्रतिशत के अतिरिक्त बोनस की सुविधा भी उपलब्ध है।

### कुपोषण दूर करने विभाग समन्वय से करे काम

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगलवार 19 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण का कुचक्र एक बच्चे के संपूर्ण जीवन को प्रभावित करता है। इसे दूर करने महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वित प्रयास एवं सहभागिता से कार्य करें। जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र को 30 बिस्तर का बनाने प्रस्ताव तैयार करने कहा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में कम्यूनिटी किचन गार्डन बनाने के निर्देश दिए। कुपोषण दूर करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा।

# आज और कल रद्द रहेगी बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, बाकी ट्रेनें घंटों लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत राबर्टसन-भूपदेवपुर के मध्य स्थित एसजीपीसीएल केबिन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य के कारण 20 से 22 दिसम्बर तक 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल, 20 से 22 दिसम्बर तक 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल, 21 से 23 दिसम्बर तक 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

वहीं 20 से 22 दिसम्बर तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 20 से 22 दिसम्बर तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होकर झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द की जाएगी।

### लेटलतीफी से यात्री हलाकान

ट्रेनों के घंटों लेटलतीफी के कारण यात्री हलाकान हो गए हैं। मंगलवार को भी बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में आने-जाने वाली गाड़ियों की स्थिति भी इसी तरह की रही। सुबह से लेकर दोपहर तक करीब एक दर्जन से अधिक एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें घंटो विलंब से बिलासपुर पहुंची। इसमें शालीमार-मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस 1 घंटे 20 मिनट, पुणे-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 9 घंटे, हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 3 घंटे, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस एक घंटे 10 मिनट, पूरी योग नगरी उत्कल एक्सप्रेस 6 घंटे, मालदा टाउन एक्सप्रेस 5 घंटे, योग नगरी पूरी 6.30 घंटे ,सूरत मालदा एक्सप्रेस 5 घंटे, बिलासपुर तिरुनेलवेली 3 घंटे, साउथ बिहार एक्सप्रेस 2 घंटा 10 मिनट, भुवनेश्वर-मुंबई एलटीटी एक घंटा 20 मिनट, आजाद हिंद एक्सप्रेस एक घंटा 10 मिनट, डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू एक घंटा 50 मिनट विलंब से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के कारण ठंड में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### डिस्प्ले बंद होने से यात्रियों में मची अफरा-तफरी

मंगलवार की दोपहर निर्धारित समय से लेट पहुंची अहमदाबाद एक्सप्रेस के आने से पहले प्लेटफार्म पर लगे कोच डिस्प्ले बोर्ड के बंद होने से यात्रियों को अपने कोच के लिए दौड़ भाग करनी पड़ी।

दरअसल मंगलवार को हावड़ा से अहमदाबाद जाने वाली एक्सप्रेस निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर पहुंची। पहले तो यात्रियों को ट्रेन आने का घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं ट्रेन आने से पहले कोच डिस्प्ले अचानक बंद हो गया। डिस्प्ले बंद होने के बाद पूछताछ काउंटर पर ट्रेन के जनरल कोच आगे, इसके बाद स्लीपर कोच पीछे लगे होने के अनाउंसमेंट भी किए गए। कोच डिस्प्ले बंद होने के साथ अनाउंसमेंट के आधार पर यात्री अपने कोच के पास भागने लगे।



प्लेटफार्म नम्बर 4 का डिस्प्ले बंद होने से परेशान होते रहे यात्री।

अचानक कोच बदल जाने से स्टेशन में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह अपना कोच खोजबीन कर यात्री ट्रेन में सवार हो सके।

### प्रस्ताव को मिल चुकी है हरी झंडी, टेंडर में लगेगा एक माह का समय

# ब्लैक स्पॉट सेंदरी तिराहे पर जल्द बनेगा ब्रिज हादसों में कमी लाने एनएचएआई की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्लैक स्पॉट सेंदरी तिराहे पर जल्द ही ब्रिज बनाया जाएगा। लगातार हो रहे हादसे और हाईकोर्ट की फटकार के बाद एनएचएआई पेंड्रीडीह-पथरापाली सड़क पर ब्रिज का निर्माण कराएगी। एनएचएआई ने इसके लिए हेडक्वार्टर से परमिशन ले ली है।

एनएच 113 यानी ब्लैक स्पॉट सेंदरी में हो रहे हादसे में कमी लाने की कवायद तेज हो चुकी है। सड़क पर हो रहे हादसे को लेकर हाईकोर्ट ने एनएचएआई और जिला प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई थी। कई संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन भी किया था, जिसके बाद अधिकारियों ने यहां ब्रिज बनाकर आवागमन को बेहतर बनाने का विकल्प कोर्ट को दिया था लेकिन नेशनल हाइवे अथारिटी ऑफ इंडिया से बजट और अन्य दस्तावेजों के प्रस्ताव में हो रही देरी की वजह से यह मामला कई महीनों से लटका रहा। बताया जा रहा है कि हेड क्वार्टर से इसकी परमिशन मिलने के बाद अब एनएचएआई अब ब्रिज बनाने के लिए टेंडर करने वाला है। इस टेंडर में एक माह का समय लग सकता है, जिसके बाद सड़क पर ब्रिज बनाने का काम शुरू हो सकेगा।



ब्लैक स्पॉट सेंदरी तिराहे पर न साइन बोर्ड है और न स्पीड ब्रेकर, इस वजह से यहां आए दिन हादसे होते हैं। एनएचएआई यहीं पर सेप्रेट सड़क या ब्रिज बनाएगा।

#### सुरक्षा मंच ने उठाई थी आवाज

हाइवे पर हो रही मौत को लेकर नागरिक सुरक्षा मंच ने भी धरना प्रदर्शन और चक्काजाम किया था। मंच ने एनएचएआई का कार्यालय भी घेरा था, जिसके बाद अन्य संगठनों के द्वारा भी यह मुद्दा पूरजोर तरीके से उठाया गया लेकिन बाद में मामला हाईकोर्ट में चलता रहा और कोर्ट ने ही एनएचएआई को जल्द से जल्द ब्रिज बनाकर आवागमन डायवर्ट करने का आदेश दिया था।

#### ये है मामला

सेंदरी में अक्टूबर 2022 को बाइक सवार को अनियंत्रित ट्रेलर ने रौंद दिया था, जिसके बाद ग्रामीणों से चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। वहीं एनएचएआई की लापरवाही भी मामले में सामने आई। दरअसल पेंड्रीडीह से रतनपुर के बीच बिलासपुर मोड के पास तिराहा बन चुका है, लेकिन इस तिराहे पर दुर्घटना रोकने के लिए साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए थे, जिसके चलते पिछले साल एक के बाद एक हादसे होते रहे, जिसे संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने भी एनएचएआई को लताड़ा था।

#### जल्द निर्माण किया जाएगा

ब्रिज या सेप्रेट सड़क बनाने का टेंडर किया जाना है, हेड क्वार्टर से अनुमति मिल चुकी है। अभी मामला कोर्ट में है इसलिए कुछ बोल नहीं पाउंगा, लेकिन जल्द ही निर्माण किया जाएगा।

**-एके ढाल,** प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

## सर्दी की छुट्टियों से पहले ट्रेनें फुल, टिकट की मारामारी

**बिलासपुर।** सर्दियों की छुट्टियों से पहले बिलासपुर होकर धार्मिक नगर, हिल स्टेशनों व पर्यटन स्थलों जाने वाली तकरीबन सभी ट्रेनों में रिजर्वेशन फुल हो गए हैं। कई ट्रेनों में तो नो रूम की स्थिति बन गई हैं। सबसे अधिक रिजर्वेशन 23 दिसम्बर से 2 जनवरी तक है। बिलासपुर में हाईकोर्ट, एसईसीएल मुख्यालय, रेलवे जोन सहित प्रदेश का बड़ा कोचिंग हब है। सर्दी की छुट्टियों में आम जनों के साथ अधिकारी-कर्मचारी और स्टूटेंड परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए हिल स्टेशन, पर्यटन स्थलों में जाते हैं। इन दिनों सर्वाधिक लोग मथूरा वृंदावन, खाटू श्याम, अयोध्या राम मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में भी जा रहे हैं। ऐसे में रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर्स पर लंबी कतारें लग रही हैं। रेलवे के ऑनलाइन टिकट रिजर्वेशन की भी बाढ़ सी आ गई है। यहां से चलने और आने वाले सर्वाधिक ट्रेनें फुल हैं।

- आजाद हिंद एक्सप्रेस 350, हावड़ा अहमदाबाद में 395 वेटिंग लिस्ट

#### 23 से 30 दिसंबर तक मिलेगी छुट्टियां

स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 21 दिसम्बर को समाप्त हो जाएंगी। इसके अलावा कई कोचिंग संस्थाओं की ओर से भी सप्ताह में पांच दिन कक्षाएं लगाई जा रही हैं। 23 व 24 दिसंबर को स्टूडेंट्स को शनिवार व रविवार का अवकाश मिल रहा है। ऐसे में स्टूडेंट भी धार्मिक व आसपास के पर्यटक स्थलों का आंनद लेने को तैयार हैं। इधर शासन ने 25 से 30 दिसम्बर तक स्कूलों में शीतकालीन छुट्टी है। ऐसे में अब सरकारी दफ्तरों में 25 से 29 दिसंबर को विभागों में भी कर्मचारी छुट्टियों के लिए सबसे अधिक आवेदन कर रहे हैं।

#### इन मार्गों की ट्रेन नो रूम

दपूमरे मंडल से दिल्ली, मुम्बई, मथुरा, हरिद्वार के अलावा उदयपुर व जयपुर जाने वाली ट्रेनें फुल हो गई हैं। सबसे अधिक यात्री बिलासपुर से मथुरा मार्ग के लिए टिकट की कतारों में हैं। कई लोग टिकट न मिलने के कारण बस और कारों से मथुरा पहुंच रहे हैं। आजाद हिंद एक्सप्रेस में इन दिनों वेटिंग लिस्ट 350, हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस 395, शालीमार-लोकमन्य तिलक एक्सप्रेस 160, ज्ञानेश्वरी 115, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 92, कालिंगा उत्कल 160, हिराकुण्ड एक्सप्रेस 212 और संपर्क क्रांति में वेटिंग लिस्ट 163 पहुंच चुकी है।

## शिविरों में बैंकों के कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर नाराज, प्रगति लाने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर अवनीश शरण ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में बैंकों के कमजोर प्रदर्शन पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने आगे की शिविरों के लिए बैंक प्रबंधन को अपने कार्य में सुधार एवं प्रगति लाने की सख्त हिदायत दी है। श्री शरण मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मिल रहे आवेदनों एवं इनके निराकरण की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल आवेदन संकलन के लिए ये शिविर नहीं लगाए जा रहे हैं। पात्र हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष रूप से लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने स्कूल स्टॉफ के आपसी झगड़ों की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की शिकायतों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने ऐसे कलहप्रिय शिक्षकों एवं स्टॉफ के अन्यत्र हटाए जाने को लेकर डीईओ से प्रस्ताव मांगा। श्री शरण ने जिले में मानसिक रोगियों का सर्वेक्षण शुरू करने कहा, ताकि उनका समुचित इलाज एवं व्यवस्थान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में आमतौर पर मानसिक रोगियों के मिलने की ज्यादा संभावना होती है। श्री शरण ने एनजीओ के सहयोग लेकर इनका सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण करने कहा है। कलेक्टर श्री शरण ने सेंदरी स्थित मानसिक चिकित्सालय की क्षमता एवं गतिविधियों की जानकारी ली। कोनी में निमार्णाधीन सिम्स सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल के जल्दी निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के बच्चों को चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर ने एयरपोर्ट में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने कहा।

- एयरपोर्ट के निर्माण में तेजी लाने कहा



#### बंद चखना सेंटर फिर से खुलने नहीं चाहिए

कलेक्टर ने कहा कि बंद चखना सेन्टर फिर से खुलने नहीं चाहिए। अधिकारी एवं पुलिस लगातार इन पर निगाह बनाए रखें। उन्होंने धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों का त्रुटिवश शून्य रकबा अथवा रकबा संशोधन के काम बचे हैं तो इसे शीघ्र निपटाएं। उन्होंने राजस्व विवाद मुक्त एवं कुपोषण मुक्त गांव बनाने के लिए कार्य-योजना बनाकर काम करने को कहा है। निगम आयुक्त कुणाल दुदावत एवं जिपं सीईओ अजय अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सांस्कृतिक भवन से बाइक ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** थाने के करीब सांस्कृतिक भवन में दोस्त की शादी पार्टी में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, बन्नाक चौक निवासी अमन चौहान पिता स्व. राजकुमार चौहान 17 दिसंबर की रात 9 बजे दोस्त हितेश साहू की शादी पार्टी में शामिल होने रेलवे सांस्कृतिक भवन में शामिल होने आए थे। पार्किंग में अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एमजेड, 5105 खड़ी कर पार्टी में शामिल होने चले गए थे। रात 11 बजे बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। आसपास में पतासाजी करने के बाद मंगलवार को श्री चौहान ने चोरी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

## डायल 112 सेवा का जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं: एसपी



**बिलासपुर।** एसपी ने डायल 112 के अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर कहा इस सेवा का जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए। सेवा के सुचारू संचालन, रिस्पांस, टाइम बढ़ाने आदेश दिया है।

एसपी संतोष कुमार सिंह ने बिलासागुड़ी में डायल 112 में कार्यरत कर्मचारी, डीपीसीआर प्रभारी व स्टाप एवं जिला एबीपी प्रबंधक की संयुक्त बैठक ली गई। उन्होंने घटनास्थल पर त्वरित कार्रवाई के लिए स्थिति का मूल्यांकन करना, ईआरव्ही स्टाफ को निर्धारित समय में कार्रवाई करने कहा गया है। रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ करना, नशे का सेवन नहीं करने, एटीएम व बैंक की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया गया है। महिला संबंधित घटनाओं में त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों के साथ उदार, सहानुभूतिपूर्ण बातचीत करने कहा गया है।

#### इन कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

सिविल लाइन ईगल 1 -चोरी का सरिया ले जाते चोर को पकड़कर संबंधित थाना में कार्रवाई करने देने पर आरक्षक छत्रपति दीक्षित, चालक जितेन्द्र कुमार, सकरी ईगल 1- 5 साल के गुम बालक को पतासाजी कर परिजन के हवाले करने पर आरक्षक कृष्ण कुमार पाण्डेय, चालक महेश साहू, कोनी ईगल 1 - डीजल चोरी कर लूट के प्रयास के आरोपी का पकड़कर सकरी पुलिस को सौंपने पर आरक्षक रोहित कौशिक चालक प्रदीप केंवट, सरकण्डा ईगल 2 - आत्महत्या के प्रयास से छठघाट पुल से नदी में कूदने वाले को सुरक्षित बाहर निकालने पर आरक्षक सूर्यकांत राठौर चालक सरजू धनवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

## कार की टक्कर से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार ग्रामीण को टक्कर मारने के बाद भागने के फेर में आगे जा रही एक कार को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं दोनों कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया कि पिपरतराई निवासी जागेन्द्र सिंह खत्रिय पिता बलदाउ 57 साल सोमवार को काम से कोटा गए थे। काम निपटाने के बाद वह साइकिल से गांव लौट रहे थे। दोपहर 1 बजे तेली मोड़ के पास पीछे से आ रहे कार क्रमांक सीजी 10 बीओ, 5707 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी साइकिल को टक्कर मार दी और भागने के फेर में आगे जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 5433 को भी ठोंक दिया, जिससे दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इधर हादसे में जागेन्द्र सिंह को इलाज के लिए कोटा अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।







